राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर

दिनांक 15.01.2019

प्रेस न्यूज

आंतरिक गुणवत्ता संवर्धन प्रकोष्ठ द्वारा कार्यालय में तनाव प्रबन्धन पर एक विस्तार व्याख्यान

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर में आंतरिक गुणवत्ता संवर्धन प्रकोष्ठ द्वारा संगठन व्यवहार एवं तनाव प्रबन्धन पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. ईरा भटनागर ने अभिवृत्ति और योग्यता को समायोजित कर सफलता प्राप्त करने के सूत्र को सुन्दर उदाहरणों से व्यक्त किया। जीवन में सकारात्मक रह कर ही कार्यस्थल पर तनाव को कम किया जा सकता है। एवं लक्ष्यों को प्राप्त किया सकता है। प्राचार्य ऋतु मथारु ने कहा कि संगठन को परिवार समझ कर कार्य करने से सभी समस्याओं का समाधान किया सकता है। क्षमा सामंजस्य एवं आपसी समझ किसी भी संगठन की सफलता के मूल मंत्र है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. प्रियम्वदा सोरल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। IQAC समन्वयक डॉ. शशी सांचीहर ने शैक्षणिक स्थापना एवं लेखा शाखा को महाविद्यालय के तीन आधार स्तम्भ बताया, ऐसे में तीनों अंगो का तनाव मुक्त होकर कार्य करना महाविद्यालय की सफलता के लिए आवश्यक है इस कार्यक्रम में परस्पर संवाद करते हुए सहभागियों ने अपने विचार प्रकट करते हुए सत्र को जीवन्त बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कानन सक्सेना ने किया। IQAC समिति के सदस्य डॉ. भावना पोखरना, डॉ. संध्या पठानिया एवं डॉ. साक्षी चौहान ने सक्रिय सहयोग दिया।

प्राचार्य